साइबर सुरक्षा

साइबर सुरक्षा के लिए क्या करें-

1. अपने कंप्यूटर, लैपटॉप में Genuine Software का इस्तेमाल करें।
2. ऑपरेटिंग सिस्टम (जैसे- विंडोज, मैक, लिनक्स आदि) में उपलब्ध फायरवॉल को इनेबल रखना चाहिए क्योंकि यह फायरवॉल नेटवर्क के माध्यम से बाहरी घुसपैठ को कंप्यूटर में प्रवेश करने से रोकता है।
3. अपने किसी भी अकाउंट के पासवर्ड में अल्फ़ान्यूमेरिक तथा स्पेशल कैरेक्टर का उपयोग करना चाहिए। अल्फ़ान्यूमेरिक शब्द का अर्थ है कि यह अपर केस और लोअर केस कैरेक्टर, नंबर (0,1,2,3,4,5,6,7,8,9) और स्पेशल कैरेक्टर (@,$,/,-,*, #) आदि का मिश्रण होना चाहिए तथा पासवर्ड 8 से 12 वर्णों के बीच होना चाहिए।
4. अपने कंप्यूटर, लैपटॉप को समय-समय पर अद्यतन (Update) करें ताकि कंपनियों द्वारा नये सुरक्षा पैच आपके सिस्टम को प्राप्त हो सके।
5. अपने कंप्यूटर, लैपटॉप की सुरक्षा के लिए एंटीवायरस का उपयोग बेहतर रहेगा।।
6. नियमित रूप से पासवर्ड बदलते रहें।

साइबर सुरक्षा के लिए क्या न करें-

1. अपने कंप्यूटर, लैपटॉप, टैब, मोबाईल, ई-मेल तथा अन्य ऑनलाइन अकाउंट का पासवर्ड किसी से साझा न करें।
2. किसी थर्ड पार्टी वेब ब्राउजर का उपयोग नहीं करना चाहिए।
3. मुक्त Wi-Fi का उपयोग सावधानीपूर्वक करें।
4. इंटरनेट का प्रयोग करते समय हमे किसी पायरेटेड या गलत साइट पर जाकर किसी फाइल या सॉफ्टवेयर को डाउनलोड नहीं करना चाहिए।
5. ऑनलाइन बैंकिंग के दौरान OTP (One Time Password) किसी से साझा न करें।
6. बैंक की साइट के Address में https:// का होना आवश्यक है, यह जांचने के उपरान्त ही बैंक की साइट का उपयोग करें। इसे चित्र में नीचे दर्शाया गया है-

7. नेट बैंकिंग के लिए सायबर कैफे या पब्लिक कम्प्यूटर का उपयोग न करें।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)